समाचार
स्वच्छ भारत मिशन
स्वच्छ भारत मिशन प्रतियोगिता की अंतिम परीक्षा सम्पन्न
(22 जुलाई को गीतांजलि भवन में प्रातः 11 बजे होगा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम)
(नगर निगम कोरबा क्षेत्र के विद्यालयों के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान करेंगी महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल)

कोरबा 20 जुलाई 2015 –कलेक्टर श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत स्थित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में स्वच्छ भारत मिशन प्रतियोगिता के तहत विगत 17 जुलाई को आयोजित की गई परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों की आज अंतिम प्रतियोगिता निर्धारित केन्द्रों में सम्पन्न हुई। 22 जुलाई को प्रातः 11 बजे नगर निगम कोरबा द्वारा गीतांजलि भवन में कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें नगर निगम कोरबा क्षेत्र के प्रतिभागी विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार का वितरण करेंगी।

शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगरीय क्षेत्र के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में स्वच्छ भारत मिशन प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किये जाने की कड़ी में विगत 17 जुलाई को प्राथमिक, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक व महाविद्यालयों में प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया था, इस प्रतियोगिता में वर्गवार प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों की अंतिम प्रतियोगिता का आयोजन आज किया गया। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत स्थित महाविद्यालयों व विद्यालयों की अंतिम प्रतियोगिता हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महाविद्यालय वर्ग की आज सम्पन्न प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों की अंतिम प्रतियोगिता के.एन. कालेज कोरबा में, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों की फायनल प्रतियोगिता डी.डी.एम. स्कूल कोरबा में, माध्यमिक विद्यालयों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतियोगियों की फायनल प्रतियोगिता विद्युतगृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा पूर्व में तथा प्राथमिक शालाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों की फायनल प्रतियोगिता साड़ा स्कूल टी.पी.नगर कोरबा में आयोजित की गई। 22 जुलाई को कोरबा स्थित गीतांजलि भवन में प्रातः 11 बजे पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार का वितरण करेंगी।

<u>जिले के अन्य नगरीय निकाय क्षेत्रों में भी हुई अंतिम प्रतियोगिता</u>– शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार कलेक्टर श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले के मार्गदर्शन में कोरबा जिले के अन्य नगरीय निकाय नगर पालिका परिषद दीपका, नगर पालिका परिषद कटघोरा, नगर पंचायत छुरी एवं नगर पंचायत पाली क्षेत्रांतर्गत स्थित महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में स्वच्छ भारत मिशन प्रतियोगिता की अंतिम प्रतियोगिता आज सम्पन्न की गई। इन निकाय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालय एवं विद्यालय की प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को उक्त नगरीय निकायों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर पुरस्कार वितरित किये जाएंगे।

संपादकव्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)